कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गिर्राज मीना पुत्र श्री जगन्नाथ मीना निवासी ढाणी –जगाला, ग्राम पोस्ट –छारेडा तहसील नांगल राजावतान, जिला दौसा 303505।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान।

अपील सं0 14/2021

निर्णय

दिनांक : 01.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान जिला दौसा को सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त होने पर प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1002 दिनांक 23.03.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः आरटीआई/2021/16 दिनांक 30.03.2021 द्वारा अवगत करवाया की आवेदक द्वारा आर0टी0आई पोर्टल के माध्यम से चाही गई सूचना इस कार्यालय पत्रांक:आर0टी0आई0/2021/14 दिनांक 25.03.2021 द्वारा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को उपलब्ध सूचना/सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। आर.टी. आई. पोर्टल पर निर्णय की प्रति अपलोड की जावे एवं बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official